


**नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड**

**North Eastern Electric Power Corporation Limited**

**(भारत सरकार का उधम) (A Government of India Enterprise)**

**ब्रुकलैंड कम्पाउंड, लोअर न्यू कॉलोनी, शिलांग – 793003 , मेघालय**

**Brookland Compound, Lower New Colony, Shillong – 793003, Meghalaya**

**दिनांक:23-06-2026** **विज्ञापन संख्या.नीपको-02/2026**

**कंपनी प्रोफाइल**

**नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड(समान अवसर प्रदान करने वाला नियोक्ता)** अनुसूची-ए, "मिनी रत्न" सीपीएसई (केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम) और एनटीपीसी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, जो भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में और 1976 के बाद से एक विश्वसनीय बिजली उत्पादन कंपनी है, जो विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत एवं विशेष रूप से पूर्वोत्तर राज्यों के लिए क्षेत्र और देश की विशाल बिजली क्षमता का दोहन करने में उनके सर्वोत्तम हित में कार्य कर रही है।

नीपको देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र में सबसे बड़े जल विद्युत संयंत्र के संचालन में गर्व महसूस करता है और **जल, गैस आधारित और नवीकरणीय ऊर्जा स्टेशनों के संचालन में एकमात्र सीपीएसयू है।** नीपको पूर्वोत्तर क्षेत्र के अत्यधिक कठिन और भू-तकनीकी रूप से संवेदनशील इलाके में जलविद्युत परियोजनाओं की योजना, डिजाइन और निर्माण एवं संचालन का अनुभव रखता है।

नीपको प्रारंभिक रूप से 3 (तीन) वर्षों की फिक्स्ड टर्म बेसिस के लिए **ईआरपी, कॉरपोरेट संचार, सिविल, सुरक्षा, विधि, संरक्षा, वित्त, चिकित्सा और सीएसआर** के क्षेत्र में अनुभवी पेशेवरों की तलाश कर रहा है, जिसे प्रदर्शन और आवश्यकता के आधार पर वार्षिक आधार पर आगे 2 (दो) वर्षों के लिए बढ़ाया जा सकता है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है:

1. **पद का नाम:** कार्यकारी (ईआरपी)

   **पद कोड संख्या:** एफ़टीबी /5/एचआर /49

   **पदों की संख्या:** 2 (दो) (अनारक्षित-2)

   **अधिकतम आयु:** 01-01-2026 को 37 वर्ष

   **नियोजन की अवधि:** प्रारंभिक रूप से 3 (तीन) वर्षों के लिए और प्रदर्शन तथा आवश्यकता के आधार पर वार्षिक आधार पर आगे 2 (दो) वर्षों के लिए बढ़ाया जा सकता है।

**आवश्यक योग्यताएं:**

- मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक स्नातक/ प्रौद्योगिकी में स्नातक/ बी.एससी. इंजीनियरिंग (किसी भी क्षेत्र में)।
- एचसीएम मॉड्यूल में सैप प्रमाणन (सैप सर्टिफाइड एप्लिकेशन एसोसिएट - सैप एचसीएम या सैप सक्सेस फैक्टर्स एम्प्लॉई सेंट्रल) अनिवार्य है।
- मानव संसाधन/कार्मिक प्रबंधन में अतिरिक्त योग्यता (एमबीए/पीजी डिप्लोमा) एक अतिरिक्त लाभ होगा।

**उम्मीदवार का अनुभव विवरण:** निम्नलिखित क्षेत्रों में योग्यता-पश्चात न्यूनतम 7 वर्षों का अनुभव:

मुख्य अनुभव (अनिवार्य):

- सैप ईआरपी एचसीएम मॉड्यूल के कार्यान्वयन/सपोर्ट/रोलआउट में व्यावहारिक अनुभव।
- कम से कम 2 फुल-साइकिल सैप एचसीएम परियोजनाओं का शुरू से अंत तक कार्यान्वयन का अनुभव।
- कार्मिक प्रशासन (पीए), संगठनात्मक प्रबंधन (ओएम), समय प्रबंधन (टीएम), पेरोल (भारत), और ईएसएस/एमएसएस (ईएसएस/एमएसएस) के कॉन्फ़िगरेशन और सपोर्ट में विशेषज्ञता।
- वित्त (एफ़आई), सामग्री प्रबंधन (एमएम), और परियोजना प्रणाली (पीएस) मॉड्यूल के साथ एकीकरण का ज्ञान।
- डेटा माइग्रेशन, सिस्टम टेस्टिंग (यूटी , आईटी , यूएटी), कटओवर और गो-लाइव सपोर्ट में नेतृत्व किया हो या महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हो।

**पारिश्रमिक:**

समेकित न्यूनतम मासिक पारिश्रमिक ₹ 1,66,000/- होगा।

इसके अतिरिक्त, एचआरए या कंपनी आवास तथा स्वयं, पति/पत्नी, 2 बच्चों और आश्रित माता-पिता के लिए चिकित्सा सुविधा दी जाएगी।

**स्थान: स्थान: शिलांग अथवा नीपको के भारत में स्थित किसी भी कार्यालय/परियोजना स्थल पर की जा सकती है।**

**2. पद का नाम: कार्यकारी (मानव संसाधन) (कॉरपोरेट कम्यूनिकेशन)**

**पद कोड संख्या: एफ़टीबी/5/एचआर/173**

**पदों की संख्या:** 1 **(एक) (अनारक्षित-**1)

**अधिकतम आयु:** 01-01-2026 को 37 वर्ष




**नियोजन की अवधि:** प्रारंभिक रूप से 3 (तीन) वर्षों के लिए और प्रदर्शन तथा आवश्यकता के आधार पर वार्षिक आधार पर आगे 2 (दो) वर्षों के लिए बढ़ाया जा सकता है।

**आवश्यक योग्यता:** भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त मास कम्यूनिकेशन/जर्नलिज्म में स्नातक के साथ स्नातकोत्तर डिग्री / डिप्लोमा (2 वर्ष का पूर्णकालिक पाठ्यक्रम)।

**उम्मीदवार का अनुभव विवरण**: नीचे दिए गए विवरण के अनुसार संबंधित क्षेत्रों में न्यूनतम 7 वर्षों का अनुभव:

- पब्लिक रिलेशंस/ कॉरपोरेट कम्युनिकेशन कार्य के प्रबंधन में अनुभव।
- मीडिया प्लानिंग, प्रेस संबंधों और विभिन्न मीडिया (रेडियो, टेलीविजन, प्रिंट और सोशल मीडिया) के लिए सामग्री निर्माण में कौशल।
- कम्युनिकेशन और इंटरपर्सनल कौशल।
- प्रभावी संचार के लिए विषयों पर शोध करने, जानकारी एकत्र करने, तथ्यों को सत्यापित करने और डेटा का विश्लेषण करने की क्षमता आवश्यक है।
- सृजनात्मकता एवं अनुकूलनशीलता।
- ब्रांडिंग।
- संगठन के भीतर संरचित और असंरचित दोनों प्रकार के ज्ञान को प्राप्त करने, आत्मसात करने और पुनः प्राप्त करने के लिए ज्ञान प्रबंधन प्रणालियों को समझना और उनका उपयोग करना।

**पारिश्रमिक:** समेकित न्यूनतम मासिक पारिश्रमिक ₹ 1,66,000/- होगा।

इसके अतिरिक्त, एचआरए या कंपनी आवास तथा स्वयं, पति/पत्नी, 2 बच्चों और आश्रित माता-पिता के लिए चिकित्सा सुविधा दी जाएगी।

**स्थान: स्थान: शिलांग अथवा नीपको के भारत में स्थित किसी भी कार्यालय/परियोजना स्थल पर की जा सकती है।**

**3. पद का नाम:** **कार्यकारी (सिविल)**

**पद कोड संख्या:** **एफ़टीबी/5/एचआर/12**

**पदों की संख्या:** **3** (तीन) (अनारक्षित-3)

**अधिकतम आयु:** 01-01-2026 को 37 वर्ष

**नियोजन की अवधि:** प्रारंभिक रूप से 3 (तीन) वर्षों के लिए और प्रदर्शन तथा आवश्यकता के आधार पर वार्षिक आधार पर आगे 2 (दो) वर्षों के लिए बढ़ाया जा सकता है।

**आवश्यक योग्यता:** भारत के किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक स्नातक डिग्री।





**उम्मीदवार का अनुभव विवरण:** जल विद्युत परियोजना/पीएसपी के योजना/सर्वेक्षण और जांच /सिविल निर्माण कार्यों में योग्यता-पश्चात 7 वर्षों का अनुभव।

निम्नलिखित अनुभव वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी:

- ➢ जल विद्युत/ पीएसपी परियोजनाओं की डीपीआर तैयार करने।
- ➢ सर्वेक्षण और जांच कार्यों।
- ❖ जल विद्युत परियोजना/पीएसपी की डीपीआर तैयार करने के लिए सीईए दिशानिर्देशों का ज्ञान अनिवार्य है।
- ❖ सैप (एस/4 एचएएनए) में कार्य करने की दक्षता, रिपोर्ट लेखन और तकनीकी प्रलेखन आवश्यक है।

**पारिश्रमिक:**

समेकित न्यूनतम मासिक पारिश्रमिक ₹ 1,66,000/- होगा।

इसके अतिरिक्त, एचआरए या कंपनी आवास तथा स्वयं, पति/पत्नी, 2 बच्चों और आश्रित माता-पिता के लिए चिकित्सा सुविधा दी जाएगी।

**स्थान: स्थान: शिलांग अथवा नीपको के भारत में स्थित किसी भी कार्यालय/परियोजना स्थल पर की जा सकती है।**

**4. पद का नाम:** **कार्यकारी (सिविल)**

**पद कोड संख्या:** **एफ़टीबी/4/एचआर/13**

**पदों की संख्या:** 3 (तीन) (अनारक्षित-2, अन्य पिछड़ा वर्ग-एनसीएल-1)

**अधिकतम आयु:** -01-2026 को 34 वर्ष

**नियोजन की अवधि:** प्रारंभिक रूप से 3 (तीन) वर्षों के लिए और प्रदर्शन तथा आवश्यकता के आधार पर वार्षिक आधार पर आगे 2 (दो) वर्षों के लिए बढ़ाया जा सकता है।

**आवश्यक योग्यता:** भारत के किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक स्नातक डिग्री।

**उम्मीदवार का अनुभव विवरण :** जलविद्युत परियोजना/पीएसपी में योग्यता-पश्चात 04 वर्षों का अनुभव

निम्नलिखित अनुभव वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी:

- ➢ जल विद्युत परियोजना/पीएसपी के सर्वेक्षण और जांच कार्य।
- ➢ जल विद्युत परियोजना/पीएसपी के लिए डीपीआर तैयार करना।
- ❖ सैप (एस/4 एचएएनए) में कार्य करने की दक्षता, रिपोर्ट लेखन और तकनीकी प्रलेखन आवश्यक है।




**पारिश्रमिक:**

समेकित न्यूनतम मासिक पारिश्रमिक ₹ 1,45,000/- होगा।

इसके अतिरिक्त, एचआरए या कंपनी आवास तथा स्वयं, पति/पत्नी, 2 बच्चों और आश्रित माता-पिता के लिए चिकित्सा सुविधा दी जाएगी।

**स्थान: स्थान: शिलांग अथवा नीपको के भारत में स्थित किसी भी कार्यालय/परियोजना स्थल पर की जा सकती है।**

**5. पद का नाम: कार्यकारी (सिविल)**

**पद कोड संख्या: एफ़टीबी**/1/**एचआर/21**

**पदों की संख्या :** 3 (तीन) (अनारक्षित-1, अनुसूचित जाति-1, अन्य पिछड़ा वर्ग-एनसीएल -1)

**अधिकतम आयु :** 01-01-2026 को 30 वर्ष

**नियोजन की अवधि :** प्रारंभिक रूप से 3 (तीन) वर्षों के लिए और प्रदर्शन तथा आवश्यकता के आधार पर वार्षिक आधार पर आगे 2 (दो) वर्षों के लिए बढ़ाया जा सकता है।

**आवश्यक योग्यता :** भारत के किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक स्नातक डिग्री/3 वर्षीय डिप्लोमा।

**उम्मीदवार का अनुभव विवरण :**

**सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री धारक उम्मीदवारों के लिए:** जलविद्युत परियोजना/पीएसपी के सर्वेक्षण और जांच कार्यों में योग्यता-पश्चात 01 वर्ष का अनुभव।

**सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा धारक उम्मीदवारों के लिए:** जलविद्युत परियोजना/पीएसपी के सर्वेक्षण और जांच कार्यों में योग्यता-पश्चात 05 वर्षों का अनुभव।

- ❖ सैप (एस/4 हाना) में कार्य करने की दक्षता, रिपोर्ट लेखन और तकनीकी प्रलेखन आवश्यक है।

**पारिश्रमिक:** समेकट न्यूनतम मासिक पारिश्रमिक ₹ 71,000/- होगा।

इसके अतिरिक्त, एचआरए या कंपनी आवास तथा स्वयं, पति/पत्नी, 2 बच्चों और आश्रित माता-पिता के लिए चिकित्सा सुविधा दी जाएगी।

**स्थान: स्थान: शिलांग अथवा नीपको के भारत में स्थित किसी भी कार्यालय/परियोजना स्थल पर की जा सकती है।**

**6. पद का नाम : कार्यकारी (सुरक्षा)**

**पद कोड संख्या :** **एफ़टीबी/4/एचआर/291**

**पदों की संख्या :** 4 (चार) (अनारक्षित-2, अनुसूचित जाति-1, अन्य पिछड़ा वर्ग-एनसीएल-1)

**अधिकतम आयु :** 01-01-2026 को 34 वर्ष

**नियोजन की अवधि :** प्रारंभिक रूप से 3 (तीन) वर्षों के लिए और प्रदर्शन तथा आवश्यकता के आधार पर वार्षिक आधार पर आगे 2 (दो) वर्षों के लिए बढ़ाया जा सकता है।

**आवश्यक योग्यता :** भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी विषय में स्नातक ।

**उम्मीदवार का अनुभव विवरण :**
सशस्त्र बलों में कप्तान/मेजर/लेफ्टिनेंट कर्नल के पद पर या केंद्रीय / राज्य पुलिस संगठनों में डीएसपी / एसपी या समकक्ष पद पर न्यूनतम 9 वर्ष का अनुभव, जिसमें समग्र संरक्षा प्रणाली के विभिन्न क्षेत्रों का अनुभव शामिल हो।

**पारिश्रमिक:**
समेकित न्यूनतम मासिक पारिश्रमिक ₹ 1,45,000/- होगा।
इसके अतिरिक्त, एचआरए या कंपनी आवास तथा स्वयं, पति/पत्नी, 2 बच्चों और आश्रित माता-पिता के लिए चिकित्सा सुविधा दी जाएगी।
**स्थान: स्थान: शिलांग अथवा नीपको के भारत में स्थित किसी भी कार्यालय/परियोजना स्थल पर की जा सकती है।**

**7. पद का नाम :** **कार्यकारी (विधि)**

**पद कोड संख्या :** **एफ़टीबी/4/एचआर/183**

**पदों की संख्या:** 1 (एक) (अनारक्षित-1)

**अधिकतम आयु:** 01-01-2026 को 34 वर्ष

**नियोजन की अवधि:** प्रारंभिक रूप से 3 (तीन) वर्षों के लिए और प्रदर्शन तथा आवश्यकता के आधार पर वार्षिक आधार पर आगे 2 (दो) वर्षों के लिए बढ़ाया जा सकता है।

**आवश्यक योग्यता एवं उम्मीदवार का अनुभव विवरण :** विधि में स्नातक डिग्री (एलएलबी या समकक्ष - मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय/संस्थान से पूर्णकालिक डिग्री) (+) अधिवक्ता के रूप में विधि न्यायालय या न्यायिक सेवा में 6 वर्ष का अभ्यास अथवा सीपीएसयू में अभ्यास / विधि न्यायालय में पीएसयू का प्रतिनिधित्व या सीपीएसयू / भारत सरकार / राज्य सरकार में अगले निचले ग्रेड में 9 वर्ष का अनुभव।

**पारिश्रमिक:** समेकित न्यूनतम मासिक पारिश्रमिक ₹ 1,45,000/- होगा।

इसके अतिरिक्त, एचआरए या कंपनी आवास तथा स्वयं, पति/पत्नी, 2 बच्चों और आश्रित माता-पिता के लिए चिकित्सा सुविधा दी जाएगी।

**स्थान: स्थान: शिलांग अथवा नीपको के भारत में स्थित किसी भी कार्यालय/परियोजना स्थल पर की जा सकती है।**

**8. पद का नाम : कार्यकारी (संरक्षा)**

**पद कोड संख्या : एफ़टीबी/4/एचआर/83**

**पदों की संख्या :** 2 (दो) (अनारक्षित-2)

**अधिकतम आयु :** 01-01-2026 को 34 वर्ष

**नियोजन की अवधि :** प्रारंभिक रूप से 3 (तीन) वर्षों के लिए और प्रदर्शन तथा आवश्यकता के आधार पर वार्षिक आधार पर आगे 2 (दो) वर्षों के लिए बढ़ाया जा सकता है।

आवश्यक योग्यता एवं उम्मीदवार का अनुभव विवरण: मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल/प्रोडक्शन में इंजीनियरिंग डिग्री के साथ रीजनल लेबर इंस्टीट्यूट/कारखाना अधिनियम/नियमों के तहत मान्यता प्राप्त संस्थान से औद्योगिक संरक्षा में पूर्णकालिक डिप्लोमा या कारखाना अधिनियम/नियमों के तहत मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से औद्योगिक संरक्षा/अग्नि एवं संरक्षा में इंजीनियरिंग डिग्री।

कारखाना अधिनियम के तहत संरक्षा नियमों के अनुपालन में न्यूनतम 04 वर्षों का कार्य अनुभव। संरक्षा प्रणालियों का विकास, ऑडिटिंग और उनमें सुधार करना। कर्मचारियों के बीच संरक्षा चेतना को बढ़ावा देना और संरक्षा के दृष्टिकोण से मशीनरी, उपकरण तथा भवन का परीक्षण करना। संरक्षा प्रशिक्षण और अग्निशमन आयोजित करने का अनुभव एक अतिरिक्त लाभ होगा।

**प्रासंगिक क्षेत्र में योग्यता-पश्चात अनुभव** की गणना उस तिथि से की जाएगी जिस दिन उम्मीदवार ने इंजीनियरिंग में डिग्री प्राप्त की है।

**पारिश्रमिक:**

समेकित न्यूनतम मासिक पारिश्रमिक ₹ 1,45,000/- होगा।

इसके अतिरिक्त, एचआरए या कंपनी आवास तथा स्वयं, पति/पत्नी, 2 बच्चों और आश्रित माता-पिता के लिए चिकित्सा सुविधा दी जाएगी।

**स्थान: शिलांग अथवा नीपको के भारत में स्थित किसी भी कार्यालय/परियोजना स्थल पर की जा सकती है।**

**9. पद का नाम: कार्यकारी (वित्त)**

**पद कोड संख्या:** **एफ़टीबी/4/एचआर/257**

**पदों की संख्या:** 6 (छह) (अनारक्षित-5, अन्य पिछड़ा वर्ग-एनसीएल-1)

**अधिकतम आयु:** 01-01-2026 को 34 वर्ष

**नियोजन की अवधि:** प्रारंभिक रूप से 3 (तीन) वर्षों के लिए और प्रदर्शन तथा आवश्यकता के आधार पर वार्षिक आधार पर आगे 2 (दो) वर्षों के लिए बढ़ाया जा सकता है।

**आवश्यक योग्यता:** भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त न्यूनतम दो वर्ष की अवधि का वित्त विशेषज्ञता के साथ एमबीए या समकक्ष अथवा सीए)/सीएमए के साथ स्नातक।

**उम्मीदवार का अनुभव विवरण:** प्रासंगिक क्षेत्र में न्यूनतम 4 वर्षों का अनुभव।

**पारिश्रमिक:**

समेकित न्यूनतम मासिक पारिश्रमिक ₹ 1,45,000/- होगा।

इसके अतिरिक्त, एचआरए या कंपनी आवास तथा स्वयं, पति/पत्नी, 2 बच्चों और आश्रित माता-पिता के लिए चिकित्सा सुविधा दी जाएगी।

**स्थान: शिलांग अथवा नीपको के भारत में स्थित किसी भी कार्यालय/परियोजना स्थल पर की जा सकती है।**

**10. पद का नाम : कार्यकारी (वित्त)**

**पद कोड संख्या :** **एफ़टीबी/2/एचआर/256**

**पदों की संख्या :** 6 (छह) (अनारक्षित-2, अनुसूचित जाति-1, अन्य पिछड़ा वर्ग-एनसीएल -2, ईडब्ल्यूएस-1)

**अधिकतम आयु :** 01-01-2026 को 30 वर्ष

**नियोजन की अवधि:** प्रारंभिक रूप से 3 (तीन) वर्षों के लिए और प्रदर्शन तथा आवश्यकता के आधार पर इसे अतिरिक्त 2 (दो) वर्ष तक, वर्ष–दर–वर्ष बढ़ाया जा सकता है।

**आवश्यक योग्यता:** भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त न्यूनतम दो वर्ष की अवधि का वित्त विशेषज्ञता के साथ एमबीए या समकक्ष अथवा सीए/सीएमए के साथ स्नातक।

**पारिश्रमिक:**

न्यूनतम समेकित मासिक पारिश्रमिक ₹ 90,000/- होगा।

इसके अतिरिक्त, एचआरए या कंपनी आवास तथा स्वयं, पति/पत्नी, 2 बच्चों और आश्रित माता-पिता के लिए चिकित्सा सुविधा दी जाएगी।

**स्थान: शिलांग अथवा नीपको के भारत में स्थित किसी भी कार्यालय/परियोजना स्थल पर की जा सकती है।**

**11. पद का नाम: कार्यकारी (चिकित्सा)**

**पद कोड संख्या: एफ़टीबी/3/एचआर/280**

**पदों की संख्या:** 5 (पांच) (अनारक्षित-4, अन्य पिछड़ा वर्ग-एनसीएल -1)

**अधिकतम आयु:** 01-01-2026 को 31 वर्ष

**नियोजन की अवधि** : प्रारंभिक रूप से 3 (तीन) वर्षों के लिए और प्रदर्शन तथा आवश्यकता के आधार पर इसे अतिरिक्त 2 (दो) वर्ष तक, वर्ष–दर–वर्ष बढ़ाया जा सकता है।

**आवश्यक योग्यता :** एमबीबीएस अधिमानतः चिकित्सा विज्ञान के किसी एक क्षेत्र में स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा सहित (+) इंडियन मेडिकल काउंसिल के साथ पंजीकृत।

**अभ्यर्थी का अनुभव प्रोफ़ाइल :** अधिमानतः १ (एक) वर्ष का अनुभव, जो इंटर्नशिप पूर्ण होने के पश्चात किसी बड़े उद्योग/प्रतिष्ठित अस्पताल में प्राप्त किया गया हो।

**कार्य की आवश्यकताएँ:**

- वह निगम के किसी डॉक्टर के अधीन अथवा पूर्वोत्तर क्षेत्र के परियोजना स्थलों में कंपनी के स्टेशनों पर स्थित स्वास्थ्य केन्द्र/औषधालय के स्वतंत्र प्रभारी के रूप में कर्तव्यों का निर्वहन करेगा/करेगी। आवश्यकता पड़ने पर डॉक्टर का स्थानांतरण किसी भी स्थान पर किया जा सकता है।
- उनसे न्यूनतम वांछित स्तर की सक्षमता के साथ कार्य करने की अपेक्षा की जाती है और वे बुनियादी चिकित्सा आपात स्थितियों को संभालने में सक्षम होने चाहिए।
- उन्हें चिकित्सा प्रकोष्ठ के दायरे में आने वाले सभी वैधानिक दिशानिर्देशों और कानूनों का अनुपालन करना आवश्यक होगा।
- उन्हें निर्धारित वैधानिक कानूनों के तहत एक फैक्ट्री मेडिकल ऑफिसर के रूप में भी कर्तव्यों का पालन करना आवश्यक है।
- नीपको के लाभार्थियों और स्थानीय जनसंख्या के स्वास्थ्य और कल्याण के हित में सक्षम प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर निर्देशित किए जाने पर उन्हें कर्तव्यों का पालन करना होगा।

**पारिश्रमिक:**

न्यूनतम समेकित मासिक पारिश्रमिक ₹ 1,35,000/- होगा।

इसके अतिरिक्त, एचआरए या कंपनी आवास तथा स्वयं, पति/पत्नी, 2 बच्चों और आश्रित माता-पिता के लिए चिकित्सा सुविधा दी जाएगी।

**स्थान: स्थान: शिलांग अथवा नीपको के भारत में स्थित किसी भी कार्यालय/परियोजना स्थल पर की जा सकती है।**

**12. पद का नाम: कार्यकारी (एचआर) (सीएसआर)**

**पद कोड संख्या: एफ़टीबी/2/एचआर/159**

**पदों की संख्या:** 2 (दो) (अनारक्षित-2)

**अधिकतम आयु:** 01-01-2026 को 30 वर्ष

**नियोजन की अवधि :** प्रारंभिक रूप से 3 (तीन) वर्षों के लिए और प्रदर्शन तथा आवश्यकता के आधार पर इसे अतिरिक्त 2 (दो) वर्ष तक, वर्ष–दर–वर्ष बढ़ाया जा सकता है।

**आवश्यक योग्यता:** भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त सोशल वर्क, सामुदायिक संगठन और डेवलपमेंट प्रैक्टिस में मास्टर डिग्री।

**वांछनीय अनुभव:**

क) किसी भी प्रतिष्ठित संगठन (सरकारी/निजी) में सीएसआर /सामाजिक कल्याण कार्यों में 1 (एक) वर्ष का अनुभव।

ख) ईआरपी परिवेश में काम करने का अनुभव।

**पारिश्रमिक:** न्यूनतम समेकित मासिक पारिश्रमिक ₹ 90,000/- होगा।

इसके अतिरिक्त, एचआरए या कंपनी आवास तथा स्वयं, पति/पत्नी, 2 बच्चों और आश्रित माता-पिता के लिए चिकित्सा सुविधा दी जाएगी।

**स्थान:** शिलांग अथवा नीपको के भारत में स्थित किसी भी कार्यालय/परियोजना स्थल पर की जा सकती है ।

**स्वास्थ्य**

अभ्यर्थी का स्वास्थ्य उत्तम होना आवश्यक है। नियुक्ति से पूर्व अभ्यर्थियों को अस्पताल में चिकित्सीय परीक्षण से गुजरना होगा तथा सरकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी/जिला अस्पताल के सिविल सर्जन (जो ऐसे प्रमाणपत्र जारी करने हेतु अधिकृत हों) से चिकित्सीय प्रमाणपत्र प्राप्त करना होगा। इस प्रमाणपत्र में यह स्पष्ट होना चाहिए कि अभ्यर्थी चिकित्सकीय परीक्षण के आधार पर इस पद हेतु पूर्णतः सक्षम है। चिकित्सीय परीक्षण में निम्नलिखित नियमित जाँचें सम्मिलित होंगी (जिनकी रिपोर्ट नियुक्ति के समय संलग्न करनी होगी):

- शारीरिक जाँच (पूरे शरीर की जाँच, जिसमें लंबाई, वज़न, ब्लड प्रेशर आदि शामिल हैं)
- आंखों की जांच (रिफ्रैक्शन और कलर विज़न)
- हीमोग्राम
- ब्लड ग्रुपिंग

- ब्लड शुगर - फास्टिंग और पीपी
- रक्त यूरिया
- लिवर फ़ंक्शन टेस्ट
- मूत्र परीक्षण
- एक्स-रे छाती
- ईसीजी

निर्धारित स्वास्थ्य मानकों में किसी भी प्रकार की छूट स्वीकार्य नहीं होगी।

**सामान्य शर्तें**

**1)** केवल **18** वर्ष से अधिक आयु के भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।

**2)** सभी शैक्षणिक योग्यताएँ भारत में मान्यता प्राप्त एवं अनुमोदित विश्वविद्यालयों/संस्थानों से होनी चाहिए। शैक्षणिक योग्यता की दृष्टि से अभ्यर्थी ने स्नातक (किसी भी विषय में) अथवा विधि स्नातक, इंजीनियरिंग स्नातक/बी.एससी. इंजीनियरिंग, एम.बी.ए., स्नातकोत्तर उपाधि/डिप्लोमा, सी.ए./सी.एम.ए., एम.बी.बी.एस. के साथ स्नातकोत्तर उपाधि/डिप्लोमा, सामाजिक कार्य में स्नातकोत्तर उपाधि आदि पूर्ण की होनी चाहिए। एससी/एसअ/पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थी केवल उत्तीर्णांक के आधार पर भी उपर्युक्त पदों हेतु आवेदन करने के पात्र होंगे।

3) अनुभव आवश्यकता/योग्यता की सभी गणनाएँ विज्ञापन में उल्लिखित ऑनलाइन आवेदन प्राप्ति की आखिरी तारीख के आधार पर की जाएँगी।

**4)** <u>अधिकतम आयु सीमा की गणना **01-01-2026** के आधार पर की जाएगी।</u>

5) ऑनलाइन आवेदन पत्र में एक बार भरी गई श्रेणी बाद में परिवर्तित नहीं की जा सकेगी तथा अन्य किसी श्रेणी का लाभ स्वीकार्य नहीं होगा। अभ्यर्थियों को जिस श्रेणी से संबंधित होने का दावा करते है, उसके लिए संबंधित वर्ष का वैध एससी/एसटी/ओबीसी-एनसीएल/दिव्यांगता/ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र (भारत सरकार के नवीनतम निर्धारित प्रारूप में) सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त होना अनिवार्य है, जहाँ उस श्रेणी हेतु रिक्तियाँ अधिसूचित हैं। उच्चतम आयु-सीमा में छूट एससी/एसटी अभ्यर्थियों को 5 वर्ष, ओबीसी-एनसीएल अभ्यर्थियों को 3 वर्ष तथा पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थियों को 10 वर्ष दी जाएगी। एक्स-सर्विसमैन (पूर्व सैनिक) के लिए उम्र में छूट सरकारी गाइडलाइंस के अनुसार होगी।

6) आवश्यकता के अनुसार कंपनी को रिक्तियों की संख्या रद्द करने/सीमित करने/घटाने/बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित है, यह बिना किसी अतिरिक्त सूचना एवं बिना कारण बताए किया जा सकता है।

**7)** चयन प्रक्रिया में अभ्यर्थियों की संख्या सीमित करने हेतु, आवश्यकता पड़ने पर प्रबंधन को बहु-स्तरीय चयन प्रक्रिया आयोजित करने का अधिकार सुरक्षित है, जिसमें आवेदन छँटाई/स्क्रीनिंग (योग्यता/अंक प्रतिशत, अनुभव के वर्षों आदि के आधार पर), लिखित/कंप्यूटर आधारित परीक्षा, व्यक्तिगत साक्षात्कार आदि अथवा इनका

संयोजन सम्मिलित हो सकता है; साथ ही न्यूनतम पात्रता मानक/मानदंड आवश्यकता अनुसार बढ़ाए जा सकते हैं।

8) यह उल्लेखनीय है कि केवल आवेदन प्रस्तुत करने तथा विज्ञापन में निर्दिष्ट मानदंडों को स्पष्ट रूप से पूरा करने मात्र से अभ्यर्थी को आगे की चयन प्रक्रिया हेतु बुलाए जाने का अधिकार स्वतः प्राप्त नहीं होगा।
9) नियुक्ति नीपको के किसी भी स्टेशन/परियोजना/कार्यालय में की जा सकती है, सभी पद प्रबंधन के विवेकाधिकार पर स्थानांतरित किए जा सकते हैं।
10) पद मुख्यतः हमारे परियोजना/परियोजनाओं हेतु हैं, जो उत्तर-पूर्व क्षेत्र के दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित हैं, अतः केवल वे अभ्यर्थी आवेदन करें जो दूरस्थ क्षेत्र में सेवा देने के इच्छुक हों।
11) पद हेतु आवेदन करते समय अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना होगा कि वह निर्दिष्ट तिथियों के अनुसार पात्रता एवं अन्य मानदंडों को पूरा करता है तथा प्रस्तुत विवरण सभी दृष्टियों से सही हैं। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में यदि यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता अथवा उसने गलत/भ्रामक जानकारी दी है या कोई महत्वपूर्ण तथ्य छिपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी स्वतः निरस्त हो जाएगी। नियुक्ति के बाद भी यदि उपर्युक्त कमी पाई जाती है तो उसकी सेवाएँ बिना किसी सूचना के समाप्त की जा सकती हैं। किसी भी प्रकार की अनुशंसा/प्रचार-प्रसार अभ्यर्थी को अयोग्य घोषित करेगा।
12) इस विज्ञापन अथवा उसके प्रत्युत्तर में किए गए आवेदन से उत्पन्न किसी भी दावा/विवाद संबंधी कार्यवाही केवल शिलांग, मेघालय में ही संस्थापित की जा सकेगी तथा ऐसे मामलों/विवादों की सुनवाई का एकमात्र एवं विशिष्ट अधिकार क्षेत्र शिलांग, मेघालय स्थित न्यायालयों/अधिकारपीठों/फोरमों को होगा।
13) यदि अंग्रेज़ी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा के संस्करण की व्याख्या से कोई अस्पष्टता/विवाद उत्पन्न होता है, तो अंग्रेज़ी संस्करण ही प्रभावी एवं मान्य होगा।

**आवेदन कैसे करें**

इच्छुक और योग्य उम्मीदवार https://neepco.co.in/ पर 'कैरियर' सेक्शन में जाकर केवल ऑनलाइन ही आवेदन करें। आवेदन का कोई अन्य तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा।

1) अभ्यर्थियों के पास वैध एवं सक्रिय ई-मेल आईडी होना अनिवार्य है, नीपको द्वारा अभ्यर्थियों को भेजे गए किसी भी ई-मेल के बाउंस बैक होने की जिम्मेदारी नीपको की नहीं होगी।
2) अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी ई-मेल आईडी एवं मोबाइल नंबर परिणाम घोषित होने तक सक्रिय रखें, एक बार दर्ज किए जाने के बाद ई-मेल आईडी एवं मोबाइल नंबर में परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी। भविष्य की सभी पत्राचार केवल हमारे भर्ती पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा।
3) सामान्य/ईडब्ल्यूएस/ओबीसी श्रेणी के अभ्यर्थियों को ₹.500/- (केवल पाँच सौ रुपये) का अपरिवर्तनीय आवेदन शुल्क जमा करना अनिवार्य है। एस/एसटी/पीडब्ल्यूडी/ईएसएम श्रेणी तथा महिला अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क

से छूट दी गई है, तथापि, एससी/एसटी अभ्यर्थियों द्वारा यूआर (अनारक्षित पदों) पदों हेतु आवेदन करने पर शुल्क देय होगा।

**आवेदन शुल्क का भुगतान केवल ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किया जाएगा।**

4) शुल्क भुगतान एसबीआई ई-पे के माध्यम से *NEEPCO* के पक्ष में किया जाए।
5) एक बार जमा किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा; अतः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि पंजीकरण शुल्क का भुगतान करने से पूर्व अपनी पात्रता मानदंडों की पुष्टि कर लें।
6) ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात् अभ्यर्थी को प्रणाली द्वारा उत्पन्न *अद्वितीय आवेदन संख्या* सहित आवेदन पर्ची डाउनलोड करनी होगी। आवेदन पर्ची की प्रति अभ्यर्थी भविष्य हेतु सुरक्षित रखें। किसी भी दस्तावेज़ को डाक द्वारा भेजने की आवश्यकता नहीं है।
**7)** पात्र अभ्यर्थियों के लिए यह अनिवार्य है कि वे विज्ञापन का संपूर्ण पाठ ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा आवेदन करते समय उल्लिखित सभी शर्तों से सहमति व्यक्त करें। किसी भी प्रकार का परिशिष्ट/संशोधन/अद्यतन केवल हमारी वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।
**8)** दस्तावेज़ अपलोड: अभ्यर्थियों को आवेदन करते समय सभी आवश्यक दस्तावेज़ अनिवार्य रूप से अपलोड करने होंगे; अपूर्ण/अपर्याप्त दस्तावेज़ों वाले आवेदन अस्वीकृत किए जा सकते हैं अथवा आगे की प्रक्रिया हेतु विचार नहीं किए जाएँगे।

**ऑनलाइन भर्ती पोर्टल पर अपलोड हेतु आवश्यक दस्तावेज़ों की सूची**

**व्यक्तिगत दस्तावेज़**

**1)** नाम और जन्म तिथि के प्रमाण के लिए **10**वीं कक्षा का उत्तीर्ण प्रमाण-पत्र/मार्कशीट/जन्म प्रमाण पत्र/पैन कार्ड (सभी दस्तावेजों में नाम और जन्म तिथि एक जैसी होनी चाहिए)
2) जाति/दिव्यांगता प्रमाण-पत्र (एससी/एसटी/ओबीसी-एनसीएल/पीडब्ल्यूडी/ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों हेतु) जहाँ लागू हो)।
3) ओबीसी-एनसीएल प्रमाण-पत्र वर्तमान वित्तीय वर्ष (2026-27) हेतु केंद्रीय प्रारूप में प्रस्तुत किया जाए।
4) ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों को तय फ़ॉर्मैट में चालू वर्ष का आय और संपत्ति प्रमाण-पत्र जमा करना होगा**,** यानी प्रमाण-पत्र वित्तीय वर्ष 2025-26 की आय के आधार पर वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मान्य होना चाहिए।
5) दिव्यांगता प्रमाण-पत्र नवीनतम केंद्रीय सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप के अनुसार, स्वावलंबन/यूडीआईडी पोर्टल से ऑनलाइन जारी किया गया होना चाहिए, जिसमें दिव्यांगता का प्रकार एवं प्रतिशत स्पष्ट रूप से अंकित हो तथा इस विज्ञापन में उल्लिखित पदों के लिए पहचानी गई दिव्यांगता के अनुरूप हो।

**शैक्षणिक योग्यता**

6) शैक्षणिक योग्यता के समर्थन में संपूर्ण अंकपत्र/प्रमाण-पत्र (जैसे- कक्षा X, XII, स्नातक (किसी भी विषय में), विधि स्नातक, इंजीनियरिंग स्नातक, बी.एससी. इंजीनियरिंग, एम.बी.ए., स्नातकोत्तर उपाधि/डिप्लोमा, सी.ए./सी.एम.ए., एम.बी.बी.एस. के साथ स्नातकोत्तर उपाधि/डिप्लोमा, सामाजिक कार्य में स्नातकोत्तर उपाधि आदि) भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त, अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किए जाएँ।

7) सीपीजीए/सीजीपीआई/डीजीपीए/सीजीआई/सीपीआई आदि के मार्क्स को प्रतिशत (%) में बदलने के लिए यूनिवर्सिटी/संस्थानों का मार्क्स कन्वर्ज़न फ़ॉर्मूला।

**अनुभव संबंधी दस्तावेज़**

8) उक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता के पश्चात् कार्यानुभव से संबंधित दस्तावेज़ ऑनलाइन भर्ती पोर्टल पर अपलोड किए जाएँ।

9) किसी एक संगठन/कंपनी से संबंधित सभी अनुभव प्रमाण-पत्र/दस्तावेज़ क्रमवार में संकलित किए जाएँ, जो प्रथम कंपनी से प्रारंभ होकर अंतिम/वर्तमान कंपनी तक व्यवस्थित हों।

10) सभी पदों के लिए उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया अनुभव प्रमाण-पत्र अनिवार्य होगा, क्रम संख्या १० पर उल्लिखित पद को छोड़कर।

विज्ञापन संख्या नीपको/02/2026 के तहत ऑनलाइन पंजीकरण आदि की अनुसूची

| | |
|---|---|
| **आवेदन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की शुरुआत** | **23-06-2026** |
| **आवेदन के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की समाप्ति** | **13-07-2026** |

भर्ती सेल की संपर्क ईमेल आईडी: **recruitment@neepco.co.in**